अनुबंध –3

# 01.04.2023 से 31.03.2024 के दौरान राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ

## *अनुवाद कार्य*

पाठ्यक्रम अभिलेख, प्रदत्त उपाधियों का अभिलेख, अनंतिम प्रमाण पत्र, उपाधि प्रमाण पत्र तथा अन्य सभी प्रकार के प्रमाण-पत्र जैसे प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र / योग्यता प्रमाण पत्र आदि हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में ही तैयार, मुद्रित और जारी किए गए। संस्थान पुस्तिका, वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023 हिंदी में मुद्रित की। प्रशासनिक तथा अन्य विभागों में प्रयोग किए जाने वाले मानक प्रपत्रों का द्विभाषीकरण किया गया। परिचय कार्ड, नामपट्ट तथा रबड़ की मुहरें द्विभाषी रुप में तैयार की गईं।

## *हिंदी कार्यशालाएं*

आईआईएसटी, वलियमला में चार हिंदी कार्यशालाएं – कार्यपालकों के लिए **जून 22, 2023** को, संकाय सदस्यों के लिए **अगस्त 23, 2023** को, प्रशासनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए **दिसंबर 19, 2023** को तथा तकनीकी क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए **मार्च 20, 2024** को आयोजित की गईं ।

## *कार्यपालकों के लिए जून 22, 2023 को हिंदी कार्यशाला*






*कार्यशाला का संचालन करते हुए श्रीमती के. आर. रंजिनी*

## *संस्थान के संकाय सदस्यों के लिए अगस्त 23, 2023 को हिंदी कार्यशाला*





*कार्यशाला का संचालन करते हुए श्री. आर. जयपाल*

***प्रशासनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला***







*कार्यशाला का संचालन करते हुए सिमी असफ़ एवं श्री. ए. सोमदत्तन*

***तकनीकी क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला***







*कार्यशाला का संचालन करते हुए श्रीमती महेश्वरी अम्मा एवं सिमी असफ़*

इनके अतिरिक्त दिनांक 22.09.2023 एवं 25.09.2023 को संस्थान के कर्मचारियों के लिए सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।


***राजभाषा कार्यान्वियन समिति की बैठकें***

आईआईएसटी, वलियमला में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार तिमाही बैठक 23.06.2023, 27.09.2023, 27.12.2023 एवं 25.03.2024) को आयोजित कीं और संस्थान में हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित चार तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग को भेज दी। इन बैठकों में राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने पर जोर दी गई और इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्णय लिए गए ।

***स्वतंत्रता दिवस समारोह** – 2023*

स्वतंत्रता दिवस समारोह 2023 के उपलक्ष्य में संस्थान के छात्रों के लिए **नशाखोरी के खिलाफ विशेष जागरूकता कार्यक्रम** के दौरान अगस्त 9 व 10, 2023 को 'नारा लेखन' एवं 'पोस्टर रचना' प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। अगस्त 15, 2023 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में 'नशाखोरी' विषय पर छात्रों द्वारा बनाए गए नारा एवं पोस्टरों का प्रदर्शन भी किया गया और निदेशक के कर कमलों से हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



*नारा एवं पोस्टरों का प्रदर्शन*






*पुरस्कार वितरण समारोह*
*निदेशक डॉ. उण्णिकृष्णन नायर, निदेशक, आईआईएसटी  से प्रमाण पत्र ग्रहण करते हुए विजेता*


## हिंदी पखवाड़ा – 2023

हर वर्ष सितंबर माह में हिंदी कार्यक्रमों के माध्यम से राजभाषा के प्रचार -प्रसार को बढ़ावा दिया जाता है। वर्ष 2023 में यह कार्यक्रम पुणे, महाराष्ट्र से आरंभ हुआ। संस्थान में **सितंबर 19 से 04 अक्तूबर, 2023  तक हिंदी पखवाडा** मनाया गया । प्रतिदिन हिंदी भाषा के संबंध में प्रमुख हस्तियों की **सूक्तियों** में से एक वेब मेल से प्रदर्शित की गई । हिंदी पखवाड़ा समारोह – 2023 के उपलक्ष्य में संस्थान के कर्मचारियों के लिए **सितंबर 19 व 20, 2023**  तथा छात्रों के लिए **सितंबर 26 व 29, अक्तूबर 04, 2023** को हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। **अक्तूबर 4, 2024** को हिंदी प्रश्नोत्तरी के आयोजन के साथ विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कर्मचारियों के लिए सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।






*प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं लिखित* □□□□□□□□□□□□□□ □□ □□□□□






*प्रशिक्षण कार्यक्रम* *पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन*

## ***सेवाकालीन हिंदी प्रशिक्षण***

हिंदी भाषा प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों में से **जनवरी – मई 2023** सत्र में **प्रबोध के लिए** 2, **प्रवीण के लिए 4** अधिकारियों को और **जुलाई – नवंबर 2023** सत्र में **प्रबोध के लिए** 1 एवं **प्रवीण के लिए** 6 अधिकारियों को नियमित पाठ्यक्रम में पंजीकृत करवाया। नवंबर 2023 के दौरान राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना की प्रबोध और प्रवीण परीक्षा आरबीआई, तिरुवनंतपुरम में हुई जिसमें एक संकाय सदस्य ने हिंदी प्रबोध परीक्षा और दो संकाय सदस्य हिंदी प्रवीण परीक्षा उत्तीर्ण की।

## **संस्थान परिसर के वृक्षों का नाम त्रिभाषी रूप में प्रदर्शन**




संस्थान परिसर के बड़े वृक्षों के वानस्पतिक नाम, स्थानीय नाम, हिंदी तथा अंग्रेजी नाम प्रदर्शित करते हुए 30 नाम पट्ट लगाए गए।

**संस्थान को राजभाषा अधिनियम**1976 **के नियम** 10 (4) **के अधीन हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कार्यालय के रूप में अधिसूचित करना**
संस्थान में हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों की प्रतिशतता 80 के ऊपर है। अत: संस्थान को अब राजभाषा अधिनियम 1976 के नियम 10 (4) के अधीन हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कार्यालय के रूप में अधिसूचित किया गया है। हिंदी में प्रवीणता प्राप्त छह अधिकारियों को निदेशक के हस्ताक्षर से व्यक्तिगत आदेश भेजे गए हैं कि वे अपने आधिकारिक कार्यों में हिंदी का प्रयोग करें।

***नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) द्वारा आयोजित संयुक्त राजभाषा उत्सव में भागीदारी***
आईआईएसटी, वलियमला, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय – 2), तिरुवनंतपुरम के सदस्य कार्यालय है और इनके क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से भाग लेता है। इसके तत्वावधान में आयोजित **संयुक्त राजभाषा उत्सव 2022-23** में संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किया।

***जाँच बिंदुओं की स्थापना***
राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976 और राजभाषा विभाग द्वारा समय समय पर जारी किए जाने वाले संबंधित आदशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जाँच बिंदु पुनः स्थापित किए गए।

***प्रोत्साहन योजना***
हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन योजना जारी रखी गई।

***अनुभागों को अपना पूरा काम हिंदी में करने के लिए अधिसूचित करना***
संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम और आईआईएसटी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 41 वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आईआईएसटी के निम्नलिखित तीन अनुभागों को अपना पूरा कार्य हिंदी में करने हेतु निर्दिष्ट किया गया है। वे हैं i)

सामान्य प्रशासन ii) स्थापना अनुभाग iii) समीक्षा अनुभाग। संस्थान के वार्षिक हिंदी निरीक्षण कार्यक्रम - 2023 के अनुसार, आतंरिक राजभाषा निरीक्षण समिति के निरीक्षण अधिकारियों ने दिनांक 07.09.2023 को **सामान्य प्रशासन, समीक्षा, स्थापना अनुभाग, आईआईएसटी** का निरीक्षण किया।

### ***वार्षिक निरीक्षण***

वर्ष 2022-2023 के निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार रजिस्ट्रार आईआईएसटी ने एसडीएससी शार केंद्र का निरीक्षण सितंबर 12, 2023 को किया। नियंत्रक, यूआरएससी ने नवंबर 24, 2023 को आईआईएसटी का निरीक्षण किया ।

### ***विश्व हिंदी दिवस समारोह – 2024***


आईआईएसटी में **विश्व हिंदी दिवस समारोह-2024** के उपलक्ष्य में **जनवरी 10, 2024** को हिंदी में **विशेष व्याख्यान** का आयोजन किया गया । डॉ. उमेश आर. कढ़णे, सह डीन एवं आचार्य, भौतिकी विभाग,आई आई एस टी ने *'ग़ालिब से गैलीलियो तक: दार्शनिक अभिव्यक्तियाँ' विषय पर व्याख्यान दिया* । इसके साथ- साथ जनवरी 11, 12, 2024 को संस्थान के कर्मचारियों के लिए *हिंदी टंकण, चुन लो और बोलो, तस्वीर क्या बोलती है* और छात्रों के लिए जनवरी 16, 17 एवं 18, 2024 को *कहानी रचना, हिंदी देशभक्ति गीत गायन एवं वैज्ञानिक/तकनीकी सामग्री का अनुवाद* जैसी विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जनवरी 26, 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

*डॉ. उमेश आर. कढ़णे व्याख्यान देते हुए*





प्रतियोगिताओं का आयोजन







*पुरस्कार वितरण समारोह*





*डॉ. उण्णिकृष्णन नायर, निदेशक, आईआईएसटी से चल वैजयंती ग्रहण करते हुए*

***आईआईएसटी हिंदी गृह पत्रिका 'अंतरिक्ष धाराएं' – छठा अंक का विमोचन***

संस्थान के सांस्कृतिक उत्सव **धनक 2024 में हिंदी गृह पत्रिका 'अंतरिक्ष धाराएं'** के छठे अंक का विमोचन किया गया। पत्रिका में आईआईएसटी के छात्रों एवं कार्मिकों के लेख, कविताएं, तकनीकी लेख और विविधता से भरे रोचक कृतियों का समावेश किया गया है।



***आईआईएसटी न्यूज़ लेटर***

संस्थान के छमाही न्यूज़ लेटर आंशिक रूप से द्विभाषी है। इसमें संस्थान की राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ हिंदी में प्रकाशित की जाती हैं।

***पूल सी - तकनीकी हिंदी संगोष्ठी में भागीदारी***

जून 2023 को आईआईएसयू द्वारा **"अंतरिक्ष रोबोटिकी भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में सही मायने में दिक् परिवर्तक"** (तकनीकी विषय) पर आयोजित अंतर – केंद्र हिंदी तकनीकी संगोष्ठी में संस्थान के तीन तकनीकी अधिकारियों द्वारा लेख प्रस्तुत किए गए।

***अंतर केंद्र हिंदी तकनीकी संगोष्ठी***

अंतरिक्ष विभाग / इसरो मुख्यालय द्वारा **समानव' अंतरिक्ष अभियान की चुनौतियां अनुप्रयोग तथा भावी संभावनाएं'** विषय पर 21-22 दिसंबर, 2023 को बैंगलुरु में आयोजित अंतर केंद्र हिंदी तकनीकी संगोष्ठी 2023 में आईआईएसटी से चार अधिकारियों ने लेख प्रस्तुत किए ।

**वर्ष 2024 के दौरान किए गए इतर कार्य**

- शैक्षिक वर्ष 2023-2024 के पी एच डी एवं एम.टेक. व विज्ञान निष्णात कार्यक्रमों के लिए प्रवेश संबंधी विज्ञापन हिंदी में तैयार करना

- स्नातक प्रवेश विवरणिका-2024 हिंदी में तैयार करना।
- आईआईएसटी **वेबसाईट** में हिंदी सामग्री अपलोड करना
- संस्थान में जुलाई 06, 2024 को दीक्षांत समारोह का आयोजन जिसमें हिंदी में संस्थान संबंधी लघु विवरणिका, निमंत्रण पत्र तैयार करना एवं द्विभाषी प्रमाण पत्रों का वितरण।
- प्रवेश 2024 के दौरान सभी बी. टेक, एम . टेक तथा पी एच डी छात्रों को द्विभाषी आचार संहिता नियम पुस्तिका का वितरण।

**नराकास राजभाषा पुरस्कार योजना वर्ष** 2022 -2023 **के अधीन पुरस्कार**

- वर्ष **2022-2023** के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, तिरुवनंतपुरम (कार्यालय - **2**) के सदस्य कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट निष्पादन के लिए (श्रेणी – II ) में **तृतीय स्थान** प्राप्त करने के उपलक्ष्य में आई आई एस टी को **नराकास वैजयंती एवं श्रेष्ठता प्रमाण** पत्र प्रदान किए गए ।
- वर्ष **2022-2023** के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, तिरुवनंतपुरम (कार्यालय - **2**) के सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रकाशित हिंदी गृह पत्रिकाओं में **आई आई एस टी की हिंदी गृह पत्रिका "अंतरिक्ष धाराएं"** को उत्कृष्ट पत्रिका के रूप में चुने जाने के फलस्वरूप **तृतीय स्थान** की **नराकास वैजयंती एवं श्रेष्ठता प्रमाण पत्र** प्रदान किए गए ।




TOWN OFFICIAL LANGUAG
ATION COMMIT
THIRUVANAN
LY MEETI


നഗര ഔദ്യോഗിക ഭാഷാ കാര്യനിർവ്വഹണ സമിതി, തിരുവനന്തപുരം (കാര്യാലയം-2)
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, तिरुवनं
CIAL LANGUAGE IMPLEMENTA
MMITTEE
THIRUVANANTHAPURAM (OFFICE
tant General (Audit-I), Kerala, Thi
HALF YEA